"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 18] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 2 मई, 2003—वैशाख 12, शक 1925

भाग 3 (1)

विविध

निविदा सूचनाएं

बिलासपुर, दिनांक 28 मार्च 2003

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक 46/त.शा./का.यं./लो. स्वा./2002-2003.—मुहरबंद समूहवार एकमुश्त निविदाएं प्रपत्र "एक" में नीचे उल्लेखित नल जल प्रदाय योजना के कार्य हेतु टर्न की जाब के आधार पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में दिनांक 8-3-2003 को अपरान्ह 3.00 बजे तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, (छ. ग.) के निर्धारित अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को आमंत्रित की जाती है.

निविदा के तकनीकी प्रस्ताव नियत तिथि अर्थात् दिनांक 8-5-2003 अपराह्न 3.30 बजे निविदादाताओं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जावेंगे. निविदा के वित्तीय प्रस्ताव खोलने की तिथि तथा स्थान की सूचना तकनीकी प्रस्ताव खोलने के बाद दी जावेगी.

कार्य का नाम

निम्नलिखित ग्रामीण नल जल प्रदाय योजना के अंतर्गत आर. सी. सी. उच्च स्तरीय जलागार का डिजाइन, निर्माण, परीक्षण व स्थापित करना

(सभी पाइप स्पेशल तथा फिटिंग आदि के प्रदाय तथा स्थापना सहित).

ग्रुप क्र.	कार्य स्थल का विवरण	ठेके की संभावित राशि रु. लाखों में	धरोहर की राशि रुपये	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि (व्रर्षाऋतु छोड़कर)	ठेकेदारों की श्रेणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	ग्राम नेवसा, विकासखंड गौरेला (टंकी निर्माण) क्षमता 100 के. एल. ऊंचाई 12 मीटर.	8.00	6000/-	750/-	4 माह	एस-1 एवं ऊपर
3.	ग्राम कोरजा, विकासखंड गौरेला (टंकी निर्माण) क्षमता-100 के. एल. ऊंचाई 12 मीटर.	8.00	6000/-	750/-	4 माह	एस-1 एवं ऊपर

शर्तें :— निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन-पत्र दिनांक 6-5-2003 तक (कार्यालयीन अवधि) में प्राप्त की जावेंगे. कोरे निविदा प्रपत्र एवं संबंधित अभिलेख अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय दिनांक 7-5-2003 तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं. निविदा प्रपत्र डाक द्वारा रुपये 50/- अतिरिक्त शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं, परन्तु डाक से विलंब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा. निविदा की अन्य शर्तें कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है.

सही/-
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा. यां. खंड, बिलासपुर (छ. ग.)

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2003.